हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

11 पीजीआईडीएस में सीडीई कार्यक्रम बियॉन्ड द आई



12 पांच साल बिना अध्यक्ष के रहा राज्य पुलिस शिकायत ...



## खबर संक्षेप

### डॉ. राजेश कुमार नोडल ऑफिसर मनोनीत



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने लोक प्रशासन विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार को एमडीयू में यूजीसी के उत्साह पोर्टल का नोडल आफिसर मनोनीत किया है। डॉ. राजेश कुमार को यूजीसी के उत्साह पोर्टल के नोडल आफिसर का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर दिया गया है।

### परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-अंग्रेजी प्रथम, तीसरे व चौथे सेमेस्टर डीडीई की फुल व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, एम.कॉम ऑनलाइन मोड सीडीओई के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एम.कॉम सीडीओई के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स- पेंटिंग्स चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, बीए-डीडीई सेमेस्टर प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बीए-डीडीई सेमेस्टर ऑनलाइन मोड प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, बीए-डीडीई सेमेस्टर दूसरे सेमेस्टर री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।



### प्रो. डॉ. सुधीर कुमार चीफ वार्डन बॉयज मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार को चीफ वार्डन बॉयज मनोनीत किया है। प्रो. सुधीर कुमार को चीफ वार्ड बॉयज का दायित्व तुरंत प्रभाव से अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर दिया गया है। प्रो. सुधीर कुमार ने आज चीफ वार्डन बॉयज का कार्यभार ग्रहण कर लिया। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुमित गिल, हॉस्टल वार्डन- डॉ. शमशेर मलिक, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. जगबीर सिंह, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. हरकेश सहरावत, डॉ. महेन्द्र यादव, चीफ वार्डन कार्यालय कर्मी सहायक संजय कुमार तथा सतीश ने पुष्प गुच्छ भेंट कर प्रो. सुधीर कुमार को चीफ वार्डन बॉयज बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### चलती बाइक में आग लगने से मचा हड़कम्प

**रोहतक।** एचएसआईआईडीसी में एक बाइक में आग लग गई। आग को देखकर लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एचएसआईआईडीसी में एक युवक बाइक लेकर गया था। लेकिन गर्मी के कारण बाइक में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद बाइक में आग लग गई। आग लगते ही आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी।

### छात्र के पैर पर चढ़ा दी थी बस, केस दर्ज

**महम।** मदीना गांव में सहकारी समिति की बस के एक चालक ने एक छात्र के पैर पर बस का पहिया चढा दिया था, जिस वजह से छात्र की टांग टूट गई थी। इस संबंध में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। बहु अकबरपुर थाने में दी शिकायत में साहिल पुत्र जयकिशन निवासी राजेंद्र नगर जिला सोनीपत ने बताया कि वह मदीना गांव की भगत सिंह गली में रहता है। वह एमबीए की पढाई कर रहा है और आईसीएस कोचिंग सेंटर रोहतक में गवर्नमेंट जॉब के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। कोचिंग गांव मदीना जा रहा था।

## लाखन माजरा में बीए की छात्रा से 40 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

लाखन माजरा गांव में बीए तृतीय वर्ष में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा को झांसे में लेकर ठगों ने उसे 40 हजार रुपये की चपत लगा दी। छात्रा ने इस संबंध में लाखन माजरा थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुरभि पुत्री जागिंद्र ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक अनजाने नंबर से कॉल आई। उससे कहा कि उसके पापा की सैलरी 15 हजार रुपए पेटीएम के माध्यम से भेज रहा हूं। उसके पापा मनरेगा में काम करते हैं। छात्रा का कहना है कि उसने सोचा कि उसके पापा की सैलरी आनी है। उसके पास 10 हजार रुपए पेटीएम करने का मैसेज आया। फिर 50 हजार रुपए डालने का मैसेज आया। फिर उसने कॉल करके कहा कि गलती से उसने 5 हजार रुपये की बजाए 50 हजार रुपए डाल दिए हैं। वह 45 हजार रुपये वापस डाल दे। उसने एकाउंट बैलेंस चैक किए बिना ही अपने गुगल पे खाते से उसको 40 हजार रुपए भेज दिए। उसने एकाउंट चैक किया तो उसके पास कोई पेमेंट नहीं आई थी। बाद में उसे आभास हुआ कि उसके साथ साइबर फ्रोड हुआ है।

## ऑनर किलिंग-दोहरे हत्याकांड में तीन आरोपी दोषी करार, सजा नौ मई को सुनाई जाएगी

सात आरोपियों को किया गया आरोप मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में एएसजे रजनी यादव की अदालत ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। जबकि सात आरोपियों को बरी किया गया है। मामले में 9 मई को दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। आरोपित पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने केस की पैरवी की। यह मामला उस समय का सबसे चर्चित मामला इसलिए भी रहा क्योंकि अंतरजातीय युवक से लव मैरिज करने पर ममता और उसके सुरक्षा अधिकारी सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार की लघुसचिवालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अदालत ने ममता के पिता रमेश, चचेरे भाई मोहित और यूपी के शूटर पर्वित को दोषी करार दिया है।

- अगस्त 2018 में ममता और सब इंस्पेक्टर नरेंद्र की गोली मारकर की गई थी हत्या
- ममता ने की थी एक युवक के साथ लव मैरिज, परिवार था खफा

### यह है मामला

जिला करनाल की महिला पुलिस ने शिकायत दी थी कि वह 8 सितम्बर 2018 को सब इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के साथ नारी निकेतन करनाल से हरियाणा रोडवेज की बस में बालकिशोरी ममता निवासी श्याम कालोनी रोहतक को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेशी के लिए रोहतक आए थे। ममता को बोर्ड के सम्मुख पेश करने के बाद 21 अगस्त 2018 की तारीख मिली। दूसरी गवाही की तारीख 29 अगस्त 2018 मिी। उसके बाद ममता को साथ लेकर चलने लगे तो हमारे साथ सरोज व उसका लड़का दिनेश सिंहपुरा चल दिए। वहीं पर लड़की के पिता रमेश ने दो लड़को कों इशारा करके बताया कि वो मेरी लड़की है। जब हम कोर्ट से थोड़ी दूर आगे सड़क पर पहुंचे तो बाइक पर आए दो युवकों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोली ममता और नरेंद्र कुमार को लगी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। दोनों घायलों को पीजीआई ले जाया गया, जहां ममता और नरेंद्र कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में दस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की थी, जिसमें से सात आरोपियों को अदालत ने बरी कर दिया है जबकि तीन को सजा सुनाई जाएगी।

### रमेश, मोहित और पर्वित को दोषी करार



लघुसचिवालय के गेट के पास ममता और उसके सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार की गोलियां मारकर हत्या की गई थी। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए रमेश, मोहित और पर्वित को दोषी करार दिया है। इस मामले में सात आरोपियों को बरी किया गया है। **-सुरेंद्र वर्मा**, वरिष्ठ अधिवक्ता आरोपी पक्ष

शाम को चार बजे छोटूराम स्टेडियम में होगी मॉक ड्रिल

# मॉक ड्रिल आज, जिला प्रशासन ने कसी कमर, हर स्थिति के लिए तैयार

- वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के बाद होगा अंतिम निर्णय, पुलिस एवं प्रशासन की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सात मई को गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नागरिक सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। रोहतक में भी हरियाणा के अन्य जिलों की तर्ज पर बुधवार को मॉक ड्रिल होगी। इससे पहले सुबह मुख्य सचिव के साथ वीडियों कॉफ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा होगी, जिसमें कई फैसले लिए जाएंगे। मॉक ड्रिल शाम को छोटूराम स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी अधिकारियों को माक ड्रिल के लिए अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं और दमकल केंद्र से जुड़े अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

गृह मंत्रालय की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले के सायरन, आम जनता को सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) से जुड़ी ट्रेनिंग देना, ब्लैकआउट उपाय, जरूरी ठिकानों की कैमोफ्लाज (छिपाने की व्यवस्था) और एवैक्यूएशन (निकासी) प्लान का अभ्यास किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा भूराजनीतिक हालात में देश को कई नए और जटिल खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हर समय पूरी तैयारी रखनी चाहिए। इसका मकसद सिविल डिफेंस की तैयारी की जांच करना और बेहतर बनाना है। इस अभ्यास में जिला अधिकारी, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, कॉलेज और स्कूल के छात्र भी भाग लेंगे। सरकार का कहना है कि यह मॉक ड्रिल विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और आपसी तालमेल की जांच जरूरी है।



### सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के लिए संदेश

- रात को अपना फोन और पावर बैंक चार्ज कर लें।
- बुनियादी सामान,आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें।
- बैटरी, सौर ऊर्जा से चलने वाली फ्लैशलाइट, टॉर्च, रेडियो, ग्लो स्टिक
- वैध आईडी कार्ड
- परिवार की आपातकालीन किट तैयार रखें: पानी, सूखा भोजन, बुनियादी दवाइयां।
- अलर्ट के बारे में जागरूकता
- सायरन सिग्नल सीखें (जैसे लंबा निरंतर = अलर्ट: छोटा = सब साफ)
- आधिकारिक अपडेट के लिए रेडियो,टीवी देखते रहें
- सुरक्षित क्षेत्र की तैयारी
- आश्रय के रूप में सुरक्षित आंतरिक कमरे या तहखाने की पहचान करें।
- पारिवारिक अभ्यास का अभ्यास करें: लाइट बंद करें, 1-2 मिनट के भीतर सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों।

### सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल अहम

नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल बेहद असामान्य कदम है। हाल-फिलहाल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए किसी भी संघर्ष के दौरान ऐसा कोई मॉक ड्रिल नहीं किया गया। राज्यों में आखिरी मॉक ड्रिल आज से 54 साल पहले 1971 में हुआ था। तब बांग्लादेश की मुक्ति के लिए हुआ युद्ध भारत-पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध में बदल गया था जो देश की पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर लड़ा गया था।

### सुबह बैठक भी होगी



छोटूराम स्टेडियम में मॉक ड्रिल की जाएगी। लेकिन उससे पहले सुबह के समय वीडियों कांफ्रेसिंग आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी निर्णय लिएं जाएंगे। **-धीरेंद्र खड़गटा**, जिला उपायुक्त

### मॉक ड्रिल में उठाएं जाएंगे यह कदम

मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले (एयर रेड) चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा। आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें। ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे। महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को छिपाने की जल्दी व्यवस्था की जाएगी। निकासी योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास (रिहर्सल) भी कराया जाएगा।

### आपातकालीन नंबर नोट करें लें

- पुलिस: 112
- अग्नि: 101
- एम्बुलेंस: 120
- शाम 7 से 8 बजे तक लिफ्ट का उपयोग न करें। लिफ्टों को निष्क्रिय कर दें ताकि ब्लैकआउट के दौरान कोई असुविधा न हो।
- बुजुर्गों, बच्चों को पहले से सूचित, तैयार करें।

### अभ्यास के दौरान

- अगर आपको हवाई हमले के सायरन या घोषणाएं सुनाई दें - यह एक अभ्यास है तो घबराए नहीं।
- पुलिस, स्कूल अधिकारियों, या बिल्डिंग सुरक्षा या किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करें
- तुरंत सुरक्षित क्षेत्र में इकट्ठा हों।

### ब्लैकआउट के दौरान

- घर के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। अगर आप गाड़ी चला रहे हैं, तो वाहन को किनारे पर पार्क करें और लाइटें बंद कर दें। जहां हैं वहीं रहें और इधर-उधर न जाएं।
- अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दें, जिसमें इन्वर्टर या वैकल्पिक बिजली आपूर्ति को डिस्कनेक्ट करना शामिल है। ब्लैकआउट की घोषणा होने/सायरन चालू होने पर गैस/बिजली के उपकरण बंद रखें।
- यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों की हर समय निगरानी की जाए
- खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल न करें।
- मोटे पर्दे का इस्तेमाल करें या खिड़कियों को कार्डबोर्ड/पैनल से ढकें।
- व्हाट्सएप या सोशल मीडिया पर असत्यापित जानकारी न फैलाए।

## अनिल हत्याकांड में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस की टीम ने मोखरा निवासी अनिल की गोली मारकर की गई हत्या की वारदात में प्रयुक्त हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी को जेल भेजा गया है। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि 31 मई 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि आउटर गोहाना रोड जींद बाईपास के पास एक युवक को गोली मारने की वारदात को अंजाम दिया गया है, जिसे पीजीआईएमएस ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। गोली लगने से युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान अनिल निवासी मोखरा के रुप में हुई। मृतक युवक के भाई सुनील की शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 31 मई 2024 को अनिल अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला था। अनिल के भाई सुनील को सूचना मिली कि उसके भाई अनिल को आउटर गोहाना रोड नजदीक जींदबाईपास के पास अज्ञात युवकों द्वारा गोली मार दी गई। जांच के दौरान 5 मई को आरोपी अक्षित निवासी खेड़ी साध को तिहाड जेल, दिल्ली से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हत्या के प्रयास की वारदात में गिरफ्तार होकर दिल्ली जेल में बंद है। वारदात में शामिल रहे तीन आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है।



### यूडीएफ के अध्यक्ष डॉ. अमित व्यास को मिला सेवा सम्मान अवार्ड

**रोहतक।** यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट ने राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया(नई दिल्ली) में किया। इस अवसर पर देशभर से आए प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय श्रम, रोजगार एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा किया गया। डॉ. मांडविया ने विशेष रूप से तंबाकू मुक्त भारत अभियान और मोटापा मुक्त भारत अभियान की सराहना की, जो कि सरकार के फिट इंडिया आंदोलन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. लक्ष्य मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एवं आयोजन अध्यक्ष का भी आभार जताया। इस आयोजन के दौरान चिकित्सा एवं समाज में असाधारण योगदान के लिए यूडीएफ हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित व्यास को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ. बीएन गंगाधर, अध्यक्ष राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, प्रो. बी. श्रीनिवास, उप-महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## खरकड़ा टोल प्लाजा के पास एनएच 152 डी पर चार युवक 414 ग्राम चरस समेत दबोचे

महम थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त करने के हरियाणा सरकार के अभियान को साकार करने में हरियाणा एनसीबी लगातार सराहनीय काम कर रही है। इसी कड़ी में ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने जिले के महम थाना एरिया मे 152 डी राष्ट्रीय राजमार्ग पर खरकड़ा टोल प्लाज़ा के पास से अवैध नशीले पदार्थ के कारोबार मे लिप्त चार नशा तस्करो को कार सहित गिरफ्तार किया। एनसीबी रोहतक यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में सहायक उप निरिक्षक दीपक अपनी टीम के साथ थाना महम के एरिया मे गांव खरखड़ा के पास मौजूद थे। तभी गुप्त सूचना मिली कि चार नशा तस्कर अपनी कार मे रोहतक की तरफ से अवैध नशीले पदार्थ लेकर गांव खरकड़ा से होते हुए हांसी की तरफ तस्करी करने जा रहा हैं। अगर पुलिस टीम द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जाए तो उनको अवैध नशीले पदार्थ चरस सहित काबू किए जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 152 डी राष्ट्रीय राजमार्ग पर खरकड़ा गांव मे टोल प्लाज़ा के पास नाका लगाकर चार आरोपियों को कार सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान संदीप पुत्र महाबीर, राहुल पुत्र राकेश, अमन पुत्र रमेश और हर्ष पुत्र रोहताश के रूप मे हुई। जो गांव दुबलधन जिला झज्जर के रहने वाले हैं। राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाकर तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास से 414 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ। इस संबंध में चारों के खिलाफ महम थो में केस दर्ज किया गया है। एनसीबी की टीम ने कहा है कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही नशें संबंधित टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री न. 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें।



**महम।** एनसीबी टीम द्वारा अवैध नशीले पदार्थ के साथ काबू किए गए नशा तस्कर।

शिक्षकों को 15 दिन में छात्रों की स्किल पासबुक अपडेट करनी होगी

## स्कूलों में रेडिनेस कार्यशाला 23 को खत्म, अब 25 को होगा पेपर

*कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन मॉड्यूल भी किए गए हैं तैयार*

- तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को हिंदी व अंग्रेजी विषय में निपुण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

15 अप्रैल से 23 मई तक बच्चों के साथ कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य करवाया जा रहा है। जिसमें सभी बच्चों को उनकी कक्षा की अपेक्षित दक्षताओं तक लाने के लिए योजना व गतिविधियों पर कार्य किया जाएगा। 25 मई को आंकलन कर कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन मॉड्यूल भी तैयार किए गए हैं। शिक्षकों को प्रत्येक 15 दिन में विद्यार्थियों की स्किल पासबुक अपडेट करनी होगी।

प्रभावी क्रियान्वयन के लिए खंड स्तर पर सभी प्राथमिक विद्यालयों के मुखियाओं व मेंटर्स के लिए दो चरणों में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की मूल्यांकन रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। रिपोर्ट को पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा। विभाग ने अब निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा तत्परता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें करवाई जाने वाली गतिविधियों की रुपरेखा स्कूलों को भेज दी गई हैं। जिसमें बाल वाटिका 3 के विद्यार्थियों को स्कूल के वातावरण के अनुकूल बनाते हुए शिक्षकों व सहपाठियों से परिचित करवाया जाएगा। इस दौरान बच्चों में विद्यालय की दिनचर्या प्रतिदिन स्कूल आना, आत्मविश्वास बढ़ाने सहित अनेक गतिविधियां करवाई जाएगी।




### शैक्षणिक भ्रमण और समीक्षा बैठक भी होगी

कक्षा तत्परता कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की प्रोग्रेस को लेकर सभी मेंटर्स हर स्कूल की खंड स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से ट्रैक करेंगे। कक्षा में महत्वपूर्ण दिनों में उत्सव मनाए जाएंगे और उनका रिकार्ड रखा जाएगा। विद्यार्थियों के लिए स्कूल के आसपास ही शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की प्रगति का रिकार्ड दो सप्ताह में एक बार क्लास रेडीनेस स्किल पासबुक में दर्ज किया जाएगा।

### हिंदी व अंग्रेजी में किया जाएगा निपुण

इसके अलावा पहली कक्षा के विद्यार्थियों को संख्या ज्ञान, दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में चार से पांच वर्ण या अक्षरों वाले शब्दों को पढ़ पाने की दक्षता पैदा की जाएगी। उन्हें संख्या ज्ञान व संख्या बोध करवाया जाएगा। तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को हिंदी व अंग्रेजी विषय में निपुण किया जाएगा।

लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।

# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम






### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

# रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : *ब्वैलपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



# 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



# 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

# अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'




### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

## टीवी मसाला



# इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

# पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती



***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*

*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### *ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए*

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल



वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"

### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

# 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### आमजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित :अमन वशिष्ठ



**रोहतक।** हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ ने कहा कि रोहतक की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए त्रस्त है, लोगो को नियमित पीने के साफ पानी के लिए टैंकरो का सहारा लेना पड़ रहा है या फिर दूर लगे हैंडपम्पों से पानी खींचकर लाना पड़ता है। सड़कों के हालात खराब बने हुए है इन सड़कों पर चलते हुए रोहतकवासियों को यह मालूम नही चलता कि सड़कों में गड्ढे है या गड्ढों में सड़के, कई क्षेत्रों की गलियों में बने सीवर ओवरफ्लो हो रहे है,सड़कों व गलियों में कूड़े के बड़े-बड़े ढेर बने हुए है व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए तरसना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के बिगड़ते हालातो से तो ऐसा प्रतीत होता है कि शहर की मूलभूत आवश्यकताओं की सुध लेने वाला कोई मेयर या निगम पार्षद है ही नहीं। शहर के विकास कार्यो को पूरा करवाने के लिए अपना जो मेयर चुना था वह निकाय चुनाव के परिणाम के पश्चात लापता हो चुका है।



### डॉ. माधुरी हुड्डा ने कार्यभार ग्रहण किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में मंगलवार को डॉ. माधुरी हुड्डा ने विधिवत रूप से विभागाध्यक्ष के पद का कार्यभार ग्रहण किया। विभाग के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उन्होंने यह कार्यभार संभाला। डॉ. माधुरी हुड्डा ने इस अवसर पर अपने सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे टीम भावना के साथ मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विभाग में सशक्त शैक्षणिक वातावरण बनाने और विभाग को नई दिशा देने के लिए वे प्रयासरत रहेंगी। इस अवसर पर वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, विभाग के प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. नीरू राठी समेत अन्य प्राध्यापकों, शोधार्थियों और कर्मियों ने डॉ. माधुरी हुड्डा को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई।

### आवास योजना के तहत करें आनलाइन आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र में पात्र गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 क्रियान्वित की जा रही है। सरकार द्वारा एक करोड़ नवीन आवासों के लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। पात्र गरीब परिवार तुरंत ऑनलाईन आवेदन कर इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने खुद के घर का सपना पूरा करें। धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के गरीब परिवारों के पास अपना कच्चा मकान तथा रजिस्ट्री हो। इसके अलावा परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपए से ज्यादा न हो। ऐसे पात्र गरीब परिवार ही योजना के तहत आवेदन कर सकते है। पीएम आवास योजना से लोगों को न केवल पक्का घर मिल रहा है, बल्कि इससे गांवों और शहरों में रोजगार के भी अवसर मिल रहे हैं।

## कुलपति एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# पीजीआईडीएस में सीडीई कार्यक्रम बियॉन्ड द आई का किया गया सफल आयोजन

कार्यक्रम में 340 से अधिक छात्रों और दंत चिकित्सा पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करवाते कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ एच के अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल, प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी व डॉ. नीरज गुगनानी। *फोटो : हरिभूमि*

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (पीजीआईडीएस) में पेडोडोंटिक्स और प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने "बियॉन्ड द आईः द रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन अर्ली डिटेक्शन ऑफ डेंटल कैरीज" शीर्षक से एक दिवसीय सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डॉ एच के अग्रवाल, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल, प्राचार्य डॉक्टर संजय तिवारी ने किया।

यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ पेडोडोंटिक्स एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और इसमें 340 से अधिक छात्रों और दंत चिकित्सा पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पीडोडोंटिक्स विभाग अध्यक्ष डॉ रितु ने बताया कि विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों - जिनमें ओरल मेडिसिन, ओरल सर्जरी, प्रोस्थोडोंटिक्स, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री, ऑर्थोडोंटिक्स, पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री और ओरल पैथोलॉजी शामिल हैं उन्होंने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे अंतर-विभागीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा मिला। इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक डॉ. एचके अग्रवाल, पंडित बी.डी. शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति, निदेशक डॉक्टर एस के सिंघल और संरक्षक डॉ. संजय तिवारी, पीजीआईडीएस, रोहतक के प्रिंसिपल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सुशोभित किया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. रितु नामदेव और आयोजन सचिव डॉ. रुचि सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम का सुचारू रूप से समन्वय किया गया, जिसमें वैज्ञानिक और आतिथ्य समितियों का समर्पित सहयोग रहा।

इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को अत्याधुनिक दंत चिकित्सा तकनीकों से परिचित कराया, बल्कि आधुनिक दंत चिकित्सा के भविष्य को आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण और बढ़ती भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

### किया जागरूक

डॉ रितु ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दंत क्षय का शीघ्र पता लगाने और उसके प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की उभरती भूमिका से छात्रों और चिकित्सकों को परिचित कराना था, साथ ही आधुनिक दृष्टिकोण और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करना था। प्रख्यात वक्ता डॉ. नीरज गुगनानी और डॉ. विधि भानुशाली ने अत्यधिक जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिए और स्कैन-ओ एआईआर डिवाइस का लाइव प्रदर्शन किया, जो एक उन्नत एआई-संचालित उपकरण है जो क्षय का पता लगाने में सहायता करता है और दंत निदान के उभरते परिदृश्य को दर्शाता है।



# सुनारियां में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

## छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या न करने की दिलाई शपथ

- बेटियों को समाज में समानता का अधिकार देने पर दिया जोर
- साफ-सफाई रखने और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की भी दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुनारियां कलां के सरकारी स्कूल में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्राओं को समाज मे गिरते लिंगानुपात को रोकने और बेटियों को समाज में गौरवपूर्ण स्थान दिलाए जाने के उद्देश्य से अवगत कराया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग व स्कूल के शिक्षकों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़का और लड़की के बीच किसी भी प्रकार का भेदभाव करना सही नहीं है। बेटियों को समानता का अधिकार दिया जाना चाहिए। लिंगानुपात में सुधार और बेटियों को सम्मान दिलाने के लिए हमें समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ाना होगा। इस अवसर पर दीपक एमपीएचडब्ल्यू ने बताया कि आज की बेटियां हर घर की मुस्कान और शान हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या के बारे में जागरूक किया। साथ ही अपने आस-पास साफ सफाई रखने और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव की शपथ भी दिलाई गई।

### इस अवसर ये रहे मौजूद

सुषमा, परमिला, सुनीता, सरोज, राजबाला, कमलेश के साथ-साथ अध्यापिका निशा, पूजा, रितु, राजपाल भी मौजूद रही। वहीं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से परमिल सीएचओ, कृष्णा, कमला एएनएम और दीपक एमपीएचडब्ल्यू मौजूद रहे।

# मदवि में डायग्नोस्टिक इनोवेशन विषय की छात्रों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में- जीनोमिक्स से प्रोटिओमिक्सः इंटीग्रेटिव ओमिक्स इन मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक इनोवेशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र हिसार की साइंटिस्ट एमेरिटस प्रो. मीनाक्षी प्रसाद ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। प्रो. मीनाक्षी प्रसाद ने आधुनिक जैव चिकित्सा अनुसंधान में ओमिक्स प्रौद्योगिकियों की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने न्यूट्रीजीनोमिक्स और प्रोटिओमिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आणविक निदान और व्यक्तिगत चिकित्सा में क्रांति लाने में उनकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकतम प्रयास करने और कैंसर, मधुमेह और संक्रामक रोगों की ज्वलंत समस्या का समाधान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ओमिक्स तकनीक उपचार और रोकथाम की रणनीतियों को बदल सकती है और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद कर सकती है। सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरि मोहन ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और व्याख्यान की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। प्राध्यापिका डॉ. अमिता सुनेजा डंग ने आभार प्रदर्शन किया।

### मॉक ड्रिल में सहभागिता करने को किया आह्वान

**रोहतक।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 7 मई 2025 को देशभर में आयोजित की जा रही 'सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल' में युवाओं-विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है। हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार से बढ़ते सुरक्षा खतरे जिनमें साइबर हमले और शत्रुतापूर्ण गतिविधियां भी शामिल है।

इस अभ्यास में एयर रेड वॉर्निंग सायरन का परीक्षण, क्रैश ब्लैकआउट अभ्यास, नागरिकों की सुरक्षित निकासी का पूर्वाभ्यास, और विद्यार्थियों व आम नागरिकों को आपात स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाने का प्रशिक्षण सम्मिलित है। साथ ही रेडार स्टेशन, पावर प्लांट्स जैसी महत्त्वपूर्ण संस्थाओं को छिपाने हेतु रणनीतिक कैमोफ्लाज तकनीकों का अभ्यास भी किया जाएगा।

# मदवि में मैथमेटिक्स इको क्लब के अंतर्गत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

- विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने बताया कि इस आयोजन में विद्यार्थियों ने छायादार वृक्ष लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में एमएससी मैथमेटिक्स विद कंप्यूटर साइंस एवं एमएससी मैथमेटिक्स अंतिम वर्ष विद्यार्थियों के द्वारा मैथमेटिक्स इको क्लब के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने बताया कि इस आयोजन में विद्यार्थियों ने छायादार पेड़ लगाए, मुख्य आकर्षण का केंद्र बिंदु विद्यार्थियों द्वारा विशेष तौर पर लगाया गया त्रिवेणी वृक्ष रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से उबरने के लिए पौधे लगाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि विभाग में समय-समय पर ग्रीन क्लब के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के बीच पौधों के रखरखाव एवं संरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो. जेएस. सिक्का, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. सीमा मेहरा, डॉ. अंजू पंवार, डॉ. एकता नरवाल, डॉ. मीनाक्षी हुड्डा एवं डॉ. मोनिका उपस्थित रहे।




राजकीय महिला लाखन माजरा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व विद्यार्थी।

### दूसरों की मदद करना ही मनुष्य का सबसे पहला कर्तव्य है: प्राचार्या

**रोहतक।** दूसरों की मदद करना ही मनुष्य का सबसे पहला कर्तव्य है। हमारी संस्कृति हमें सिखाती है कि "परमार्थ परमो धर्मः।" इस धर्म को अपनाने से सभी धर्म प्राप्त होते हैं। राजकीय महिला लाखन माजरा की प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा ने इन्हीं प्रारम्भिक पंक्तियों से छात्राओं एवं प्राध्यापकों को समाज में सहयोग व सद्भाव के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में सहयोग समिति प्रतिवर्ष किताबें, स्टेशनरी, कपड़े, जूते तथा अन्य आवश्यकता की वस्तुएं विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से दान स्वरूप एकत्रित करती है तथा समय समय पर जरूरतमंदों में वितरित भी करती है। इस अवसर पर सहयोग समिति के सदस्य अलका, डॉ. राकेश, डॉ. बलराम, डॉ. अनीता, डॉ. अंजलि, डॉ. नीलम, डॉ. सुबोध, डॉ. मनीषा, डॉ. कविता, डॉ. अरुण, डॉ. विजेंद्र, डॉ. सुनील आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में बढ़ते जलसंकट का तत्काल समाधान निकाले सरकार: इन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव कैप्टन इन्द्र सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार ने हरियाणा के हिस्से का पानी रोक कर कोई अच्छा काम नहीं किया है। यह मानवता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगातार जलसंकट बढ़ता जा रहा है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुरंत पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान से बातचीत कर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिलवाएं। इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव कैप्टन इंद्र सिंह मंगलवार को कलानौर व रोहतक में पार्टी कार्यकत्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात मई को इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता मानसरोवर पार्क से लेकर लघु सचिवालय तक पंजाब सरकार के खिलाफ मटका फोड प्रदर्शन करेंगे और हरियाणा के हिस्से का पानी दिलाने को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रभारी बलवंत सिंह मायना, डॉ. नफे सिंह लाहली एडवोकेट कृष्ण कौशिक व एडवोकेट विनोद अहलावत ने कहा कि पंजाब सरकार हरियाणा का पानी रोक कर तानाशाही रवैया अपना रही है, जो भविष्य में आम आदमी पार्टी के कफन में कील साबित होगी। इनेलो नेताओं ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस सिर्फ पानी के विवाद को लेकर राजनीति कर रही है, कोई सार्थक प्रयास नहीं किए जा रहे है, जबकि आज इनेलो पार्टी पूरे प्रदेश में सडक़ों पर है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन इन्द्र सिंह ढुल, कृष्णा दलाल, सतीश नांदल रिठाल, स्वतंत्र आनंद देशवाल, वीरेन्द्र नांदल, राजबीर वाल्मीकि, सूरजदेहराज, जयसिंह शिमली, ताजबीर शिमली आदि रहे।




**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य प्रधान सुरेखा। *फोटो : हरिभूमि*

### आशा वर्कर्स 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगी हिस्सा

**रोहतक।** बकाया वेतन के तुरंत भुगतान करने और आशा वर्कर सुमन एवं दीक्षा के साथ की गई मारपीट के खिलाफ 8 मई को आशा वर्कर्स जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगी। इसके साथ ही सीटू समेत केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर होने वाली 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में प्रदेश भर की 21 हजार आशा वर्कर बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करेंगी। यह निर्णय मंगलवार को हुई आशा वर्करों की बैठक में लिया गया। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की राज्य प्रधान सुरेखा ने कहा कि पूरे हरियाणा में विभाग द्वारा अलग-अलग जिलों में आशा वर्करों को अलग-अलग तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है। आशा वर्कर्स को डराया- धमकाया जा रहा है। उनके ऊपर दबाव बनाकर अनेक प्रकार के विभागीय काम करवाए जा रहे हैं और हटाने की धमकी तक दी जाती है। सुरेखा ने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर कई जगहों पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा आशा वर्करों के साथ मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के मामले सामने आए है। सुमन ओर दीक्षा आशा वर्करों के साथ की गई मारपीट का मामला सामने आया है। आशा वर्कर के पास समय पर ना तो आयरन सिरप मिलता है, ना आयरन और कैल्शियम की टैबलेट मिलती है। सुरेखा ने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर आशा वर्कर्स का नवंबर दिसंबर से लेकर एनएचएम का बजट रुका हुआ है और फरवरी से राज्य का बजट भी आशा वर्कर्स को नहीं मिला।

## मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता पर लाभ व सुरक्षा का प्रावधान

# पात्र उठाएं दयालु योजना का लाभ : उपायुक्त

- आयु के हिसाब से प्रदान की जाएगी वित्तीय सहायता
- योजना का लाभ लेने के लिए घटना के तीन महीने के भीतर करना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जिला के पात्र परिवारों से दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि दयालु हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि दयालु योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों को सामाजिक-वित्तीय सुरक्षा देना है। इस योजना के तहत अंत्योदय परिवारों को उनके परिजनों की मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। योजना की पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए। योजना के तहत 6 साल से ज़्यादा उम्र और 60 साल तक के परिवार के सदस्य की मौत या स्थायी विकलांगता पर वित्तीय सहायता का प्रावधान है। योजना के तहत वित्तीय सहायता मृत्यु या विकलांगता के समय व्यक्ति की उम्र के हिसाब से अलग-अलग होती है। उन्होंने कहा है कि मृत्यु अथवा स्थाई विकलांगता की तिथि से 3 महीने के भीतर योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करना होगा। यह योजना पूरी तरह निशुल्क है। योजना के तहत 6 से 12 वर्ष आयु की स्थिति में एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष आयु की स्थिति में 2 लाख रुपए, 18 से 25 वर्ष आयु की स्थिति में 3 लाख रुपए, 25 से 45 वर्ष आयु की स्थिति में 5 लाख रुपए और 45 से 60 वर्ष आयु की स्थिति में 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### योजना का लाभ लेने के लिए ऐसे करें आवेदन



उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि दयालु योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल ( **https://dapsy.finhry.gov.in/** ) पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए पीपीपी आईडी नंबर दर्ज करें और ओटीपी पर क्लिक करें। इसके उपरांत ओटीपी दर्ज करें और सब्मिट ओटीपी पर क्लिक करें। इसके उपरांत परिवार के सदस्यों का विवरण प्रदर्शित होगा। फिर लाभार्थी सभी आवश्यक व्यक्तिगत विवरण भरेगा और फार्म जमा करेगा। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की कि योजना लाभ को लेकर एजेंट से सावधान रहें और धोखाधड़ी से बचें।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 6
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया

**कलानौर।** सीएचसी काहनौर, पीएचसी बनियानी के अंतर्गत आने वाले गांव आंवल व गढ़ी में डॉक्टर नीना इंदौरा, सीनियर मेडिकल ऑफिसर के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सचिन मेडिकल ऑफिसर पी एच सी बनियानी ने की इस अभियान में लिंग अनुपात, कन्या भ्रूणहत्या रोकने के लिए शपथ दिलाई और प्रभात फेरी निकाली।



**रोहतक।** लोगों की समस्याएं सुनते अधीक्षण अभियंता बिजेंद्र नरवाल, मनिंदर कादयान व कार्यकारी अभियंता सीमा नारा। फोटो : हरिभूमि

## शिकायत निवारण कमेटी में 5 उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान

**रोहतक।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र निपटारा करने के लिए मंगलवार को उपभोक्ता शिकायत निवारण सर्कल फोरम बिजली अदालत की बैठक का आयोजन किया गया। यह शिकायतें राजीव गांधी विद्युत भवन में सुनी गई। इसमें 20 उपभोक्ता अपनी समस्याओ को लेकर पहुंचे। जिनमें से पांच की समस्या का मौके पर निपटारा किया गया। अन्य 15 समस्याओं का भी शीघ्र निपटारा करने के लिए दिशानिर्देश दे दिए गए हैं।

# पांच साल बिना अध्यक्ष के रहा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण

### 2013 से 2019 के बीच पुलिस अधिकारियों के खिलाफ 927 शिकायतें दर्ज हुई थी

■ हाल ही में, सरकार ने नवराज संधू को प्राधिकरण की अध्यक्ष नियुक्त किया है, साथ ही सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी केके मिश्रा और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आरसी वर्मा को सदस्य बनाया गया है





गया।

**अपने ही हाल पर छोड़ दिए जाते हैं आम लोग**

सरकार द्वारा बनाए गए आयोग और प्राधिकरण नागरिकों की शिकायतें सुनने और समाधान देने के लिए होते हैं। लेकिन वास्तव में, ये आयोग और प्राधिकरण चुने हुए अधिकारियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए रिटायरमेंट के बाद आरामदायक जीवन बिताने के केंद्र बन जाते हैं, जो जनता के टैक्स के पैसे पर चलते हैं। लोकतंत्र के असली मालिक, आम लोग, अपने हाल पर छोड़ दिए जाते हैं।

- सुभाष, राज्य संयोजक, हरियाणा सूचना अधिकार मंच

राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुप्रीम कोर्ट के 2006 के एक निर्णय के अनुसार, सभी राज्यों को जिला और राज्य स्तर पर प्राधिकरण स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत हरियाणा सरकार ने राज्य स्तरीय पुलिस शिकायत प्राधिकरण की स्थापना की। हाल ही में, सरकार ने नवराज संधू को प्राधिकरण की अध्यक्ष नियुक्त किया है, साथ ही सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी केके मिश्रा और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आरसी वर्मा को सदस्य बनाया गया है।

यह प्राधिकरण कांग्रेस सरकार द्वारा 16 अगस्त 2010 को हरियाणा पुलिस अधिनियम 2007 के तहत स्थापित किया गया था, जिसका उद्देश्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करना है। यह एक स्वायत्त निरीक्षण निकाय है, जो पुलिस अधिकारियों और

**अलग खबर**

कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतों की जांच करता है। अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति 16 अगस्त 2010 को तीन साल की अवधि के लिए की गई थी, जो 15 अगस्त 2013 को समाप्त हो गई। इसके बाद प्राधिकरण की उपेक्षा की गई और यह छह साल तक बिना अध्यक्ष के रहा। यह जानकारी हरियाणा सूचना अधिकार मंच के राज्य संयोजक सुभाष द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी से सामने आई।

मंच संयोजक सुभाष के अनुसार, 2014 में भाजपा की सरकार बनने के बाद भी प्राधिकरण को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। पांच साल से अधिक समय तक अध्यक्ष का पद रिक्त रहने के बाद 28 फरवरी 2019 को एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति की गई। यहां सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस अवधि में दर्ज की गई शिकायतों का क्या हुआ। क्या इन पर कोई कार्रवाई की गई या वे यूं ही अनसुलझी पड़ी रहीं। वर्ष 2013 से 2019 के बीच कुल 927 शिकायतें दर्ज हुई थीं। 2013 में 195, 2014 में 219, और 2015 में 150 शिकायतें दर्ज हुईं। इसके बाद 2016 में यह संख्या घटकर 87, 2017 में 70 और 2018 में 72 रह गई। इससे स्पष्ट है कि प्राधिकरण बिना अध्यक्ष के एक निष्क्रिय संस्था बनकर रह गया।

पुलिस शिकायत प्राधिकरण के जन सूचना अधिकारी के अनुसार, 28 फरवरी 2019 को अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद शिकायतों की संख्या में भारी वृद्धि हुई और अगले पांच वर्षों में 2116 शिकायतें दर्ज की गईं। हालांकि, सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई 2013 से 2019 तक दर्ज शिकायतों पर की गई कार्रवाई की जानकारी नहीं दी।

**डीएसपी और उससे ऊपर के अधिकारियों की शिकायतें राज्य स्तर पर सुनी जाएंगी:** नियमों के अनुसार, डीएसपी और उच्च पदों के अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की सुनवाई राज्य स्तरीय पुलिस शिकायत प्राधिकरण द्वारा की जाती है, जबकि सिपाही से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक के अधिकारियों की शिकायतें जिला स्तर पर सुनी जानी चाहिए। लेकिन वर्तमान में कोई जिला स्तरीय प्राधिकरण कार्यरत नहीं है। अब जिला स्तर के प्राधिकरण की शक्तियां राज्य स्तर के प्राधिकरण को सौंप दी गई हैं। 2019 में 3 शिकायतों पर, 2020 में भी 3, 2021 में 11, 2022 में 23, 2023 में 13 और 2024 में 6 शिकायतों पर कार्रवाई की सिफारिश की गई।

### इंस्पेक्टरों के खिलाफ ज्याद शिकायतें

पुलिस इंस्पेक्टरों के खिलाफ सबसे ज्यादा 288 शिकायतें दर्ज हुईं। सब-इंस्पेक्टरों के खिलाफ 253, सहायक सब-इंस्पेक्टरों के खिलाफ 274 और हेड कांस्टेबलों के खिलाफ 137 शिकायतें दर्ज की गईं। 2023 में कुल 505 शिकायतें दर्ज की गईं। राज्य के जन सूचना अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में एक एसएचओ और दो सहायक सब-इंस्पेक्टरों के खिलाफ जांच चल रही है।

### 2024 में कुल 71 शिकायतें मिली

अधिकारियों के खिलाफ जांच लंबित है, जिनमें 17 सहायक सब-इंस्पेक्टर, 5 एसपी, 19 सब-इंस्पेक्टर, 3 डीएसपी, 11 इंस्पेक्टर, 9 एसएचओ और 7 हेड कांस्टेबल शामिल हैं। जनवरी 2025 तक 21 अधिकारियों के खिलाफ जांच जारी है, जिनमें 1 एसपी, 2 एसीपी, 1 डीएसपी, 2 एसएचओ, 3 सब-इंस्पेक्टर, 9 सहायक सब-इंस्पेक्टर और 3 हेड कांस्टेबल शामिल हैं।

## गन्ना किसान चिंता न करें जल्द होगा भुगतान : डॉ अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ मंगलवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गन्ना किसानों की फसल के बकाया भुगतान को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से बातचीत

प्रदेश के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने मंगलवार को कहा कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरुरत नहीं है। जल्द ही उनकी बकाया राशि का भुगतान करवाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव व वित्त विभाग के अधिकारियों से बात की, ताकि जल्द से जल्द किसानों की फसल का बकाया भुगतान करवाया जा सके।

मंगलवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गन्ना किसानों की फसल के बकाया भुगतान को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी से बातचीत की और किसानों की जल्द से जल्द भुगतान करवाने के लिए कहा। इससे पूर्व सहकरिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शुगरफैड के अधिकारियों से गन्ना किसानों को बकाया राशि भुगतान में हो रही देरी का फीडबैक लेते हुए अब तक हुई देरी के लिए नाराजगी जताई थी। गन्ना उत्पादकों के बकाया राशि के भुगतान को लेकर फाइल वित्त विभाग के पास भेजी गई है, इसमें शुगरफैड के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वो निजी तौर पर वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पर्क में रहते हुए जल्द से जल्द इस राशि को जारी करवाएं। ताकि किसानों की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र हो सके।

**रकबा बढ़ाने के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित:** गन्ना का रकबा बढ़ाने के लिए किसानों समय-समय पर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि चीनी मिलों के पेराई सत्र को लंबा चलाया जा सके। किसानों को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है और मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी इस बारे में चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने भी साफ कहा है कि किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने किसानों से अपील की, किसान थोड़ा सा संयम रखें।

## समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ ने किया 31वीं बार रक्तदान

**रोहतक।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ ने अपने जन्म दिन के अवसर पर 31वीं बार रक्तदान किया। समाजसेवी अश्वनी वशिष्ठ ने बताया कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है, रक्तदान रूपी महायज्ञ में हर एक नागरिक को अपनी आहुति डालनी चाहिए, क्योंकि यही वो दान है जिसमें ना तो रक्तदान करने वाले को पता चलता है कि यह रक्त किसको मिलेगा तथा ना ही रक्त लेने वाले को पता चलता है कि किसने रक्तदान किया है।



## पठानिया स्कूल में समाचार वाचन प्रतियोगिता करवाई, 1000 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा तीन से आठ तक विद्यार्थियों के लिए समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंग्रेजी व हिंदी भाषा में आयोजित की गई। जिसमें लगभग 1000 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रतियोगिता के पहले चरण में हिंदी में 120 विद्यार्थी और अंग्रेजी में 156 विद्यार्थी प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। द्वितीय चरण में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रभावशाली प्रस्तितयां दीं। विद्यालय द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के भाषा कौशल व आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। अंग्रेजी में 60 और हिंदी में 50 विजतओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को करवाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर की घटनाओं, विचारों और समस्याओं के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी उपस्थित रहीं। समन्वयक प्रभा शर्मा, अनु सहरावत, रजनी गुलाटी, एक्टिविटी इंचार्ज नीतू सेठी व कोमल बुट्टन ने छात्रों को भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## तनाव और गलत खान-पान के कारण होता एनीमिया

**सांपला।** मंगलवार को सर छोटू राम कन्या महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया। डॉक्टरों की टीम ने 175 छात्राओं के जांच की। जिसमें से 20% छात्राएं एनीमिया की शिकार पाई गई। 64 विद्यार्थी ही सामान्य पाए गए। डॉक्टरों के अनुसार, 25 विद्यार्थी हल्के एनीमिया (माइल्ड) से पीडित पाई गईं। चिकित्सा अधिकारी डॉ. रीतू मलिक ने छात्राओं को एनीमिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने पोषण, आहार व जीवनशैली से जुड़े सुझाव दिए और रक्त की गुणवत्ता व मात्रा संतुलित रखने के उपायों पर प्रकाश डाला। डाक्टर ने कहा कि संतुलित आहार लें। अपने आहार में आयरन, विटामिन बी 12 और अन्य पोषक तत्वों को शामिल करें. भरपूर नींद लें। तनाव में न रहें। नियमित व्यायाम करें। डॉ संतोष हुड्डा ने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की नींव होते हैं। ऐसे शिविर समय रहते आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की दिशा में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## इस्माइला 9बी में 27.5 एकड़ भूमि में विकसित हो रही कॉलोनियां तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिलानगर योजनाकार का अवैध कॉलोनियों को लेकर तोड़फोड़ अभियान जारी है। विभाग रोजाना अवैध कॉलोनियों को नष्ट करने में लगा हुआ है। जिसके तहत गांव ईस्माइला 9बी में प्रिंस होटल के सामने लगभग 27.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया है।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि इस अभियान के दौरान ईस्माइला 9 बी गांव में लगभग 27.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही एक कॉलोनी में कच्चा व डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क को तोड़ा गया। बुधवार इस अभियान के दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्यवाही समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी। आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं।

## खैरड़ी टोल के पास सड़क पर खड़े ट्रक के साथ ट्राले की टक्कर, युवक घायल

**रोहतक।** गांव खैरड़ी टोल के पास सड़क पर खड़े एक ट्रक के साथ ट्राले की टक्कर हो गई। जिसमें ट्राले का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं, सड़क के बीच में खड़े ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, हादसे में घायल संजय पटेल के भाई उमेश पटेल ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि वह गांव मजीजनपुर थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। उसका भाई संजय पटेल ट्राला लेकर 152डी पर अंबाला से नारनौल की तरफ जा रहा था। जब वह खैरड़ी टोल के पास पहुंचा तो बिना सिग्नल के सड़क के बीच खड़े ट्रक से उसका ट्राला टकरा गया, जिसमें उसका भाई घायल हो गया। उमेश पटेल ने बताया कि खैरड़ी टोल के पास ट्रक बिना सिग्नल के सड़क के बीच खड़ा था। जब पीछे से ट्राला उससे टकराया तो ट्रक का ड्राइवर मौके से ट्रक लेकर फरार हो गया। वहीं ट्राला ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि ट्राला हाईवे के साथ खाई में नहीं गिरा, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। सड़क हादसे में घायल हुए ट्राला ड्राइवर संजय पटेल को इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

## नशे के खिलाफ विशेष मुहिम चलाएं एनएसएस वालिंटियर्स : डॉ. दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ प्राचार्या डॉ. शबनम ने किया स्वागत

अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य नोडल ऑफिसर डॉ. दिनेश कुमार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सविता राठी एनएसएस की इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे।

कॉलेज की पांचों इकाइयों द्वारा पौधरोपण, स्वच्छता, नशे के प्रति जागरुकता और पर्यावरण के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रशंसा जताई। कॉलेज में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व कॉलेज की पांचों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वागत किया। डॉ. दिनेश ने महाविद्यालय की एनएसएस की सुविधाओं की खुलकर सराहना की। उन्होंने पांचों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को कहा कि वे वालिंटियर्स को नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति नशा मुक्ति अभियान में प्रहरी बनने को प्रेरित करें।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जसमेर सिंह, डॉ. शीशपाल राठी, डॉ. विवेक दांगी, डॉ. संजीत और डॉ. मोनिका मौजूद रहे।

## महाराजा अग्रसेन प्रगति ग्रुप ने की मीटिंग, चुनाव को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाराजा अग्रसेन प्रगति ग्रुप की मीटिंग गोयल मार्बल काठमंडी पर की गई। इस मीटिंग को मुख्य रुप से सुभाष चंद गुप्ता और विजय गोयल ने आयोजित किया। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य विजय के पार्षद बनने पर आभार जताने और वैश्य संस्था के चुनाव को लेकर विचार विमर्श करना था। मुख्य तौर पर सुनील बल्ली, राकेश गोयल, अशोक गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राम करण गुप्ता, अमित महमिया, शंकर लाल, प्रदीप, अमित कोसती, नितिन आदि



**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते पार्षद विजय गोयल। फोटो : हरिभूमि

मौजूद रहे। मीटिंग में सबसे पहले विजय गोयल ने सबका पार्षद के तौर पर विजयी बनाने पर धन्यवाद अदा किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह पास किया गया कि एक नया ग्रुप बनाया जाए और सीधे तौर पर सभी वार्ड में अपने प्रतिनिधि मंडल को आगे आने का मौका दिया जाए। मीटिंग में यह भी निर्णय किया गया कि अगर हमारा ग्रुप चुनाव जीतता है तो सबका साथ सबका विकास और सभी चुने हुए सदस्यों को आगे ले कर बढ़ेंगे और उन्हें पक्के तौर पर जिम्मेदारी भी दी जाएंगी। मौजूद लोगों ने सर्वसम्मति से सुभाष चंद्र गुप्ता और विजय गोयल को आगे बढ़ाने की इच्छा जाहिर की।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन**

# मीडिया आज काफी दबाव का सामना कर रहा: परवीन



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता परवीन कुमार मोदी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ परवीन कुमार मोदी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में रामनाथ गोयनका की विरासत को याद किया

मीडिया आज काफी दबाव का सामना कर रहा है, लेकिन यह प्रतिकूलता का दौर बीत जाएगा और बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। प्रिंट मीडिया खबरों से आगे बढ़कर सोशल मीडिया की चुनौतियों से निपट सकता है। यह उद्गार प्रख्यात पत्रकार एवं इंडियन एक्सप्रेस के पूर्व स्थानीय संपादक परवीन कुमार मोदी ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। परवीन कुमार मोदी ने पत्रकारिता के क्षेत्र में रामनाथ गोयनका की विरासत को याद किया और कहा कि सत्य और तथ्य आधारित पत्रकारिता उनके दो मूल सिद्धांत थे। उन्होंने समाचार को ध्यान से पढ़ने और गहराई से जानने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाचार पत्र की अवधारणा, कार्य और संरचना के बारे में बताया और विश्वविद्यालय एमडीयू मिरर के समाचार पत्र की भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविंद्र ने कहा कि पत्रकारों की जिम्मेदारी है कि वे समाज के सामने सच्चाई लाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी नवाचारों से अपडेट रहने और अपनी बेहतरी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने कार्यक्रम में आए विशेषज्ञों का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को टेलीप्रिंटर के दिनों से लेकर आज के इंटरनेट के समय तक प्रेस की यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से पत्रकारिता के इतिहास और बदलते स्वरूप के बारे में जानने के लिए मीडिया पर किताबें पढ़ने को कहा। सहायक प्रोफेसर नवीन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शोधार्थी प्रिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर सुनित मुखर्जी, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।